Otherwise, you would never put your pen to the paper.

M it becomes a paper, it becomes part of the record and 'hen you are tied by it. So, there is no question of being tied by anything. We have clearly stated the case and I would like hon. Members to rest assured on all these questions which they have raised.

SHRI VIREN J. SHAH: What about the anti-missile missile?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, no misguided missiles, please.

SHRI VIREN J. SHAH: Madam, I would like to ask the hon. Prime Minister about the anti-missile missile.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have not permitted you, Mr. Viren Shah I » sorry. This matter is over. We are on family planning now. I am on time-planning. I will call the next speaker.

SHRI M. A. BABY: Madam, just lot, we Were discussing the health of the nation.

MCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE—Contd.

उपसभापति : कमला सिन्हा जी, आप बोलना चाह रही हैं । बोलिए ।

श्रीमती कमला सिन्हा (बिहार) : मैडम डिप्टी चेयरमैन, मैं बहुत ही संक्षिप्त में अपनी बात को कहूंगी । यह साल ईयर आफ द फैमिली है और दुनिया भर में इसको मनाया जा रहा है इटरनेशनल ईयर आफ द फैमिली, लेकिन हिन्दुस्तान में हम क्या देखते हैं? (**व्यवधान**) . . .

मैडम, मुझसे पहले कुछ वक्ताओं ने अपनी राय रखी, मैं उसको दोहराना नहीं चाहूंगी। हिंदुस्तान एक ऐसा देश है, जिसमें हर साल पौने दो करोड़ की आबादी जमा हो जाती है और दुनियां की ढाई प्रतिशत जमीन में 16 प्रतिशत आबादी बसी हुई है। अगर इस तरह से चलता रहेगा तो लाजिम है कि दुनिया में हम जिंदा नहीं रह सकेंगे क्योंकि हमारे पास खिलाने के लिए अनाज नहीं होगा, हमारे पास जमीन नहीं होगी। इस हालत में मंत्री महोदय कुछ न कुछ सोचना ही पड़ेगा ।

यहां ईलाज के बारे में कहा गया कि हमारी हालत क्या है । अभी हाल में जो गेट एग्रीमेंट हुआ उसके बाद तो दवा के दाम बढ़ जाएंगे पटेण्ट के कारण और उसके कारण हमारे ग्रामीण अंचल में ईलाज का और झंझट आने वाला है । आज के ही दिन डाक्टर और पेशेन्ट का रेशो बहुत बुरा है, 16000 पापुलेशन पर एक डाक्टर होता है और दिनों दिन आपका बजट एलोकेशन घट रहा है ।

[**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) पीठासीन हुई ।**]

आपके अस्पताल तो हैं नहीं । ग्रामीण अंचल में आप चले जाइए, वहां कोई अस्पताल नहीं । मकान जरुर बड़ा है, लेकिन डाक्टर वहां नहीं रहता । हिन्दुस्तान के किसी भी हिस्से में आप चले जाएं, यही हालत आप देखेंगे । डाक्टर वहां रहता नहीं क्योंकि डाक्टर के रहने की जगह भी नहीं होती । लेडी डाक्टर तो कतई नहीं रहती क्योंकि उनकी सुरक्षा की कोई व्यवस्था है ही नहीं । वहां रह नहीं पाती । नर्सेज या ए०एन०एम०, वह अपने घर में होती हैं तो किसी तरह से अपना गुजारा कर लेती हैं, लेकिन उसको अगर किसी दूसरी जगह भेज दिया जाता है तो वहां वह भी नहीं रह पाती क्योंकि उनकी भी सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है, न ही कोई रहने की जगह है । तो यह हालत ग्रामीण अंचल की है । हिन्दुस्तान एक गांवों का देश है। हमारे देश की 70 फीसदी आबादी गांवों में रहती है । उस हालत में जब तक हम अपने ग्रामीण अंचल के लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल नहीं करेंगे तब तक हम नहीं समझते कि अपने देश के स्वास्थ्य का ख्याल हम कर सके हैं । केवल अरबन पापुलेशन के लिए कोई व्यवस्था करके मंत्री महोदय अगर चाहें कि हालत में

सुधार कर दें तो यह संभव नहीं है । एक पक्ष का तो हो जाएगा, लेकिन दूसरा पक्ष हमारा अंधेरे में रहेगा । इसलिए मेरा उनसे आग्रह होगा कि आप मजटरी एलोकेशन का दो-तिहाई ग्रामीण अंचल में खर्च करने के लिए ही व्यवस्था करें और अरबन एरिया में जो बाकी खर्च करना हो वह करें ।

एक बात और मैं कहना चाहूंगी कि रोग की हमारे यहां यह हालत है कि ज्यों-ज्यों ईलाज करते चले, त्यों-त्यों रोग बढ़ते चले । एक के बाद एक नयी बीमारी आ रही है । मल्होत्रा जी ने यहां चर्चा की मलेरिया की, मैं बिहार से आती हूं, हमारे यहां मलेरिया तो क्या, कालाजार ने लोगों को तबाह कर के रख दिया है । इसमें सबसे बड़ी बात तो यह है कि मलेरिया और कालाजार, दोनों मच्छर से ही होता है । हम अपने देश की राजधानी दिल्ली में रहते हैं और शाम को जब अपने डेरे में जाते हैं तो वहां रहना मुश्किल हो जाता है । इधर भी शाम को सात बजे के बाद पार्लियामेंट हाऊस के अंदर इतने मच्छर आते हैं कि जिसका कोई हिसाब नहीं । . . .

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : कहां से ?

श्रीमती कमला सिंहा : कहां से आ जाते हैं, क्या बिल्कुल आपको नहीं लगता ? आपकी चमड़ी बड़ी मोटी है ।

जब यह पार्लियामेंट में इतना मच्छर आ जाता है तो बाहर के क्या कहने । यह तो हालत है । हम नहीं जानते, इसके लिए आपकी क्या व्यवस्था है, आप क्या कर रहे हैं ? यह तो आप ही बता सकते हैं ।

आपको प्राइमरी हेल्थ सेंटर को सशक्त करना होगा, मेडीकल हेल्थ सेंटर को सशक्त करना होगा ।. . . .(व्यवधान)

SHRI JOHN F. FERNANDES: Tie Ministry of Environment has banned tumigation.

SHRIMATI KAMLA SINHA: And so there are mosquitoes? Good! So we will have to fight mosquitous in another way. We will have to tackle them in another way. **तो प्राइमरी हैल्थ सैंटर्स को, मीडियम टाइप के जो हैल्थ सैंटर्स हैं उनको और डिस्ट्रिक्ट हास्पिटल्स को आपको मजबूत करना पड़ेगा और रोग की प्राइमरी स्टेजिस में ही इलाज की व्यवस्था करनी पड़ेगी ।**

महोदया, दूसरे देशों में, डेवलपड् कंट्रीज में खास कर के औरतों की जो बीमारियां होती हैं, जैसे कैंसर की बीमारी है, जो शरीर के बाहरी हिस्से में होती है, उसकी हर साल में दो-तीन बार जांच होती है जिसके कारण कई तरह का कैंसर वहां करीब-करीब खत्म हो चुका है लेकिन हमारे यहां तो जांच करने का कोई सवाल ही नहीं उठता जब तक टर्मिनल स्टेजिस में नहीं पहुंच जाते, तब तक जांच ही नहीं होती और उसके बाद जो इलाज होता है, उसको हर कोई एफोर्ड नहीं कर सकता है । उसके कारण यह हुआ है कि कैंसर की बीमारी हमारे देश में मौत का पैगाम बन गई है ।

दूसरे हैल्थ और फेमिली वेलफेयर, फेमिली प्लानिंग, अब क्या कहा जाए, जिस देश में हर साल पौने दो करोड़ की आबादी पैदा हो जाए, तो फेमिली प्लानिंग आप क्या कर रहे हैं, मुझे समझ में नहीं आता । कितने दिनों से आप फेमिली प्लानिंग कर रहे हैं लेकिन कुछ नहीं हो रहा है, रिजल्ट भी हमारे सामने कुछ नहीं आया है । मंत्री महोदय आप जरूर कहेंगे कि हमारे फेमिली प्लानिंग की बदौलत पापुलेशन जो गिरा है, वह 0.8 प्रतिशत गिरा है पिछले दस साल में, आपके सैंसिस की रिपोर्ट के मुताबिक, लेकिन यह तो कोई कंट्रोल नहीं कहलाएगा क्योंकि यह फिर कभी भी बढ़ सकता है । तो मैं इस संबंध में आपसे कुछ बात कहना चाहूंगी, आपने एक कमेटी भी बना रखी है—ट्राइपरटाइट कमेटी आन फेमिली वेलफेयर, उसमें भी हम बात करते हैं लेकिन नतीजा कुछ सामने नहीं आता है । उस कमेटी

में भी मैंने बार-बार यह सलाह दिया है कि हमारे देश की जो रिप्रोडक्टिव पापुलेशन है' जिनकी उम्र, 15, 16 या 18 साल से लेकर 40–45 साल तक है, ये कितने हैं और उनके लिए आप कौन से इंटेंसिव तरीके से शिक्षा का, अवेयरनैस जेनरेशन का प्रोग्राम आप चला रहे हैं ? जो एम्प्लायड हैं खास कर के जो आरगेनाइज्ड सैक्टर के वर्कर्स हैं, उनके एम्प्लायर को आप कह सकते हैं कि आप अपने यहां इंटेंसिव तरीके से अवेयरनैस जेनेरेशन प्रोग्राम चलाइए । हसबेंड-वाईफ दोनों का ट्रेनिंग हो, उनको मोटिवेट किया जाए, उनको यह बताया जाए कि छोटी फेमिली होगी तो आपका जीवन सुखी होगा, आप अपने बच्चे को पढ़ा-लिखा सकेंगे और उनको विकास की तरफ ले जा सकेंगे । इसके अलावा आपको कुछ विशेष मोटिवेशन का इंतजाम करना पड़ेगा ।

हमारे यहां कुछ लोगों ने उदाहरण दिया बंगलादेश का, चीन का और अन्य देशों का । मुझे इनमें से कुछ देशों को देखने का मौका मिला और इन बातों पर जानकारी प्राप्त करने का भी मौका मिला, लेकिन मैं आपको बताऊं कि चीन ने जरूर फेमिली प्लानिंग सिस्टम को अच्छी तरह से अपनाया है लेकिन वहां भी मानस में कोई बदलाव नहीं आया । मैं जब चीन गई थी 1989 में, तो हमारा जो इंटरप्रेटर था, मैं उसकी बात आपको बताना चाहती हूं, उस लड़के ने मुझ से पूछा

"Madam, how many children do you have?"

मैंने उसको बताया कि "I have three daughters." He said, "Only daoughters? No SON? Who will carry the name of the family, Madam?"

तो यह एशियन कंट्रीज का जो मनोभाव है, हमारी दिमागी बनावट है कि a son must be there to carry the name of the family. यह जब तक बदली नहीं जाएगी, तब तक फेमिली प्लानिंग प्रोग्राम आपका सफल नहीं होगा और इसके लिए मैसिव एजुकेशन प्रोग्राम की जरूरत है जिसमें औरतों का पार्टिसिपेशन सबसे ज्यादा जरूरी है, औरतों की एजुकेशन सबसे ज्यादा जरूरी है । औरतें जब 100 प्रतिशत शिक्षित हो जायेंगी, इस परिस्थिति में आ जायेंगी कि घर में जो कुछ होगा, उसके फैसले में उनका हाथ होगा तो फिर आगे बात बदल सकती है ।

दूसरी एक बात मैं आपको और कहना चाहती हूं कि फेमिली प्लानिंग प्रोग्राम में टारगेट बनाया जाता है हमेशा औरतों को । Why is it so? प्रोक्रिएशन के मैथड में हसबेंड वाइफ य मैन-वूमैन दोनों का बराबर हिस्सा होता है। We are all equal partners.

तो उसमें खाली औरतों को ही क्यों कहा जाएगा कि यह प्रोग्राम तुम्हें को अपनाना पड़ेगा, नॉरप्लांट औरतों के ऊपर हो । सबसे ज्यादा जितनी किस्म की टारगेट हो वह उन्हीं के ऊपर अजमाया जाएगा । यह तो कोई अच्छी बात नहीं है। Why not men also? उनको भी मोटिवेट करना चाहिए, उनको भी बताना चाहिए और फेमिली प्लानिंग में पुरुषों की भी भागीदारी होनी चाहिए । क्योंकि जब तक यह नहीं होगा, जब तक उनको नहीं लगेगा कि यह जिम्मेदारी उनकी भी है, परिवार के मालिक होने के नाते पुरुषों की भी इसमें भागीदारी होनी चाहिए । यह बात उनको ट्रेंड करनी चाहिए, मोटिवेट करना चाहिए । गांवों में, स्कूल के टीचर के जरिए कहा जाता है कि इतनी महिलाओं का आपरेशन करना है, ट्यूबक्टमी करना है Why women only? Why not men? पकड़कर ले जाते हैं औरतों के जत्थे के

जाये । मैंने कुछ दिन पहले पढ़ा था कि उत्तर प्रदेश के पीलीभीत एरिया में कोटा फिक्स करने के लिए नेपाल से औरतों को पकड़ कर ले आते हैं और ऑपरेशन करके कोटा पूरा दिखा देते हैं कि हिन्दुस्तान में इतनी औरतों का आपरेशन किया गया। फिर बाद में उनको वापिस भेज दिया जाता है। उनका इलाज भी ठीक से नहीं हो पाता है। एक अखबार में मैंने पढ़ा था कि उसमें कुछ औरतें मर गई और इसी कारण बात सामने आ गई। तो यह प्रथा तो बंद होना चाहिए। उसमें पुरुषों के साथ भी समान रूप से इस प्रोग्राम को एप्लाई करना चाहिए।

दूसरी बात, मैं यह कहना चाहूंगी कि स्कूल कैरिकुलम में वलगारिटी के साथ नहीं, लेकिन यह कहना कि हिन्दुस्तान में आबादी इतनी बढ़ रही है, परिवार छोटा होना चाहिए, हर परिवार में एक संतान से अधिक नहीं होना चाहिए, एक संतान होगी तो वह सुख से अपनी संतान को पाल सकेगा। इसलिए संतान एक ही होनी चाहिए। इस तरह का स्कूल कैरिकुलम से आपको पढ़ाई का काम शुरू कराना चाहिए। बातों को बताना चाहिए ताकि it goes fixed into their head. हर बच्चे के दिमाग में यह बैठ जाए कि अगर छोटा परिवार होगा तो हम आराम से जी सकेंगे, तो बात अच्छी होगी। आज गांव में भी लोग इस बात की चर्चा करने लगे हैं कि बड़ा परिवार होगा, ज्यादा लड़कियां होंगी तो तिलक कहां से देंगे। आजकल तो दुर्भाग्य की बात है कि एक आई०ए०एस० आफिसर की शादी के लिए दस लाख रुपए की कीमत हो गई है। जब तक उनको दस लाख रुपए का कैश पेमेंट नहीं करेंगे तो लड़की की शादी नहीं होगी। इसमें जमीन जायदाद सब बिक जाता है मां बाप का। तो इस स्थिति को भी बदलने के लिए शिक्षा की बहुत जरूरत है। कानून में यह बताना चाहिए। आपका यह प्रोग्राम बिल्कुल ढीला-ढाला चलता है। इस प्रोग्राम को थोड़ा डायनामिज्म के साथ चलाइए। इसमें मीडिया बहुत बड़ा सहायक हो सकता है। लेकिन मीडिया में आजकल जो दिखाया जाता है, कभी-कभी हमें भी टेलीविजन देखने का मौका मिलता है। टी०वी० पर दिखाने का वह तरीका सही नहीं है। लेकिन टी०वी० पर साफ-सुथरे तरीके से भी बताया जा सकता है कि छोटा परिवार होने से लाभ क्या है? आप उसके इकोनोमिक आस्पेक्ट दिखाइए उसके परिवार की सुख सुविधा को दिखाइए; बच्चे अच्छे कपड़े पहनकर स्कूल जा रहे हैं, वह दिखाइए। बच्चे स्कूल में पढ़ रहे हैं, वह दिखाइए। बड़े हुए तो मोटर गाड़ी में जा रहे हैं। तो यह सब दिखाइए। इससे लोगों को लगेगा कि हां, ठीक है इसलिए हमें छोटा परिवार आवश्यक है। वह सब कुछ नहीं करके आप क्या फिल्म दिखाते हैं, क्या क्या दिखाते हैं। बेकार तरह का प्रचार करते हैं जिसको बैठकर के देखा नहीं जा सकता है। तो यह सब बंद होना चाहिए। मुझे तो विशेष इन्हीं बातों को कहना था। कुछ लोगों ने इंसेंटिव की बात कही, मैं भी कहना चाहूंगी। अगर इंसेंटिव हुआ खास तौर का तो शायद कुछ परिवर्तन आएगा। जैसे सरकारी नौकरी में प्राथमिकता आप किसको देंगे। जिसका परिवार छोटा होगा या अगर कोई अनमैरिड लड़का है, वह लिखकर बौंड देगा कि मेरे परिवार में एक संतान से अधिक नहीं होगी। लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी हो सकता है। चीन में भी हो रही है यह बात कि अगर गर्भ में पलने वाली संतान लड़की है तो भ्रूण-हत्या भी हो रही है, वहां भी हो रही है। हमारे यहां तो हो ही रही है। उसी कारण औरतों की पापुलेशन गिर गई है और प्रति हजार पुरुषों के पीछे केवल 927 महिलाएं रह गई हैं। इसलिए मैं सुझाव देना चाहती हूं कि आप इस कदम को उठाए कि जो न्यू इम्प्लायमेंट होंगे उसमें यह एक शर्त होनी चाहिए कि आपको स्माल फैमिली नार्म अपनानी होगी। आप उनको सारी सुविधाएं दें, रहने का मकान दें, तरह-तरह की सुविधाएं दें उनकी पढ़ाई की व्यवस्था करें और इंसेंटिव दें। आगे चलकर कोई और सुविधा दें तो फिर शायद बात बन सकती है।

[श्रीमती कमला सिन्हा]

महोदया, आज जरूरत है मैसिव एजुकेशन प्रोग्राम की, मैसिव अवेयरनैस जनरेशन की, मोटिवेशन की । फोर्स करके इस काम को हम नहीं कर सकते । हमारा देश मल्टीरेशियल, मल्टी ऐथनिक, मल्टी रिलीजियस कंट्री है । हम यहां पर जबरदस्ती कोई काम करा नहीं सकते । एक दफा करके देख चुके हैं आप लोग । उसका नतीजा भी आपने देखा है कि वह संभव नहीं है । अगर स्वतः लोग इस तरीके को अपनाएं तो हो सकता है और तब हमारे लिए जीना संभव होगा ।

हमें उनको यह बताना पड़ेगा कि पीने के लिए पानी नहीं होगा, खाने के लिए अनाज नहीं होगा, रहने के लिए घर नहीं होगा और तुम्हारी जो संतान होगी, उसके इलाज के लिए व्यवस्था नहीं होगी, अगर हमने अपनी पापुलेशन को कंट्रोल नहीं किया तो क्योंकि मैं व्यक्तिगत रूप से मानती हूं कि हमारे देश का सबसे बड़ा अभिशाप अगर कुछ है तो वह पापुलेशन एक्सप्लोजन है । जब तक पापुलेशन कंट्रोल नहीं होगी, भारतवर्ष का कोई भी विकास नहीं हो सकता है । सारे वर्ल्ड बैंक और इंटरनेशनल मानेटरी फंड का सारा पैसा यहां लगा दें, तो भी कुछ होने वाला नहीं है और यह जिम्मेदारी आपके माथे पर है मंत्री जी । आपके माथे पर यह जिम्मेदारी है। इसलिए आपको इस काम को जिम्मेदारी के साथ करना पड़ेगा और आप जो काम कर रहे हैं, सबकी राय से कीजिए। हम लोग भी इस मामले में आपको कोआपरेट करेंगे । पोलिटिकल पार्टी के दायरे से ऊपर उठकर हम लोग इस काम में कोआपरेट करने को तैयार हैं क्योंकि हम जानते हैं कि अगर यह नहीं होगा तो देश जीवित नहीं रह सकता है । मुझे इतना ही कहना था । धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): I would just like to take the sense of the House, whether Members would like to sit after 6 o'clock.

† [] Transliteration in Arabic Script.

SOME HON. MEMBERS: No.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Anyway, the Minister is going to reply by 5 o'clock tomonow.

SHRI MD. SALIM (West Bengal): If I he Minister is going to reply tomorrow at 5 o'clock, then, where is the time left for discussion? Tomorrow is a Private Members' day. So, when will we complete it? Is ft after the session?

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Whatever you decide.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: If we can finish before noon, then, the Minister can reply at 5 o'clock.

SHRI MD. SALIM: Tomorrow in a Friday; and it is the last day of the session; and many things can be raised.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: They do not have any basinets tomorrow.

SHRI MD. SALIM: How can it be? Tomorrow is the last day.

SHRI SARADA MOHANTY (Orissa): The discussion has to be completed today itself.

SHRI MD. SALIM; We will sit one hour more and complete the discussion.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Now, what is the decision of the House?

माथुर जी, क्या कह रहे हैं आप ? मुझे ऐसा लगता है कि हम मिस्टर सलीम को बुलवाएं ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : अगर सलीम भाई बोलना चाहते हैं तो बोलें। आज खत्म करें, कल इनको जाना है तो। इनको जाना होगा ।

श्री मोहम्मद सलीम : मैं बैठ जाता हूं माथुर जी ।



श्री जगदीश प्रसाद माथुर : उनको जाना होगा ।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : मिस्टर सलीम, आप बोलिए ।

श्री मोहम्मद सलीम : : महोदया, आपने मुझे मौका दिया इसके लिए धन्यवाद ।

شری محمد سلیم: مہودیہ آپ نے مجھے
موقع دیا اس کے لئے دھنیواد۔

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : आपको तो मौका वैसे भी मिलना था ।

श्री मोहम्मद सलीम : महोदया, हम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा कर रहे हैं । हमारे बुनियादी अधिकारों में से चिकित्सा एक मौलिक अधिकार है और हम जब भी चिकित्सा के बारे में या स्वास्थ्य के बारे में बात करते हैं तो हमारे जो रिसोर्सेज हैं, उनकी कमी के बारे में हमें याद दिलाया जाता है ।

شری محمد سلیم: مہودیہ۔ ہم سواستھ
اور کلیان منترالیہ کے کاریہ کرن پر چرچہ
کر رہے ہیں۔ ہمارے بنیادی ادھیکاروں
میں سے چکتسا ایک موولک ادھیکار ہے اور
ہم جب بھی چکتسا کے بارے میں یا سواستھ
کے بارے میں بات کرتے ہیں تو ہمارے
جو رسورسز ہیں انکی کمی کے بارے میں
ہمیں یاد دلایا جاتا ہے۔

यह बात तय है कि हम एक गरीब मुल्क होने के नाते हमारी गरीबी का असर जिस तरह से बुनियादी सवालों पर है उसी तरह से स्वास्थ्य के बारे में भी है । लेकिन हमें विश्वास है कि जो 2000 साल के अंत तक सब के लिए स्वास्थ्य का जो संकल्प है उस में हम भागीदार हैं और उस के लिए हमें रास्ता तय करना है । हमारी योजना जो है उस में हम नहीं जाएंगे तो पता नहीं चलेगा जयन्ती जी कि पहले प्लान से आज तक स्वास्थ्य के बारे में जो धन है वह किस तरह से घटाया जा रहा है । 8वीं पंचवर्षीय योजना में इतना है यह हम भाषण कर सकते हैं कि हम यह करेंगे लेकिन उस को इंप्लीमेंट करने के लिए जो ज़रूरत है उस को हम पूरा नहीं कर पा रहे हैं । हम कभी कभी कहते हैं कि हमारा मार्टेलिटी रेट कम हो गया है, हमारी लाइफ ऐक्सपेक्टेंसी जो है उस में हमें कामयाबी मिली है पिछले 10–15 सालों में लेकिन यह बात भी ठीक है कि हमारी वह कामयाबी, डेवलप्ड कंट्रीज को आप छोड़ दीजिए, डेवलपिंग कंट्रीज जिस के कि हम अपने को नेता मानते हैं, उस के ऐवरेज तक भी नहीं पहुंचे हैं । तो हमें उस दिशा में काम करने के लिए कदम उठाना है जहां यह कहा जा रहा है कि स्वास्थ्य के लिए जी०डी०पी० का 5 प्रतिशत खर्च करना पड़ेगा । हम अभी 8वीं योजना में कहां पर हैं । जयन्ती जी ने महिलाओं की दशा के बारे में बताया, उन की हालत के बारे में तफसील से बयान दिया । वह पार्टी मैटर से उठकर बोल रही थी । मैं उस का समर्थन करता हूं । लेकिन बात यह है कि यह पालिसी का मामला है । हम हकीकत को बयान करना होगा, स्टेटमेंट आफ फैक्स को बयान करना होगा । मंत्री जी कह सकते हैं कि ऐसा नहीं है । दो प्रतिशत इधर है या दो प्रतिशत उधर है । लेकिन हमारी जो पालिसी है, हमारा जो नजरिया है उस में गड़बड़ है । वरना हम उस जगह पर कैसे पहुंच रहे हैं । अभी तो हम जो उदारीकरण के नाम पर, ग्लोबलाइजेशन के नाम पर, मल्टी-नेशनल्स के नाम पर, निजीकरण के नाम पर जो हम करने जा रहे हैं, उस की कंज्यूअल्टी शिक्षा के अलावा स्वास्थ्य पर भी होने वाली है । जयन्ती जी अभी जैसा बोली हैं, स्वास्थ्य मंत्रालय के बारे में साल बाद हमें और ज्यादा बोलना पड़ेगा । तो यह जो हमारी प्रोयोरिटी थी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो हमें प्राथमिकता देनी चाहिए थी उसमें गड़बड़ी

†[] Transliteration in Arabic Script.

[श्री मोहम्मद सलीम]

हुई । आजादी के बाद जिस तरह से इस को प्राथमिकता देनी चाहिए थी, कल्याण के बारे में जितनी प्राथमिकता देनी चाहिए थी, हमने उस में कुछ किया, यह नहीं कि कुछ नहीं किया, लेकिन उस में प्राथमिकता में गड़बड़ हुई । जो अलोकेशन हम करते हैं उसमें भी हमें प्रायोरिटी देखने को नहीं मिलती ।

दूसरी बात यह है कि कांग्रेस के लोग जब सरकार में आए तो वह अपने को गांधीवदी जरूर कहते थे लेकिन हमने स्वास्थ्य में भी इंगलिश माडल अपनाने की कोशिश की । अंग्रेज हमारे देश में शासन में आए तो उन्होंने सारे सिस्टम को अपने माडल पर कायम किया । जरूर हमारे अंदर कुछ इनहेरेंट ताकत थी हैल्थ के बारे में, लेकिन हमने उस ओर तवज्जह नहीं दी । हम अपने भाषणों में कहते हैं कि इंडियन सिस्टम आफ मैडिसन अच्छी है, लेकिन उस को जिस तरह से माडर्नाइज करने की जरूरत थी, उस को जिस तरह से पेट्रोनाइज करने की जरूरत थी, वह हम नहीं कर पाए । आज हम वैस्टर्न माडल में खड़े हैं । जयन्ती जी ने कहा कि आज भी 80 प्रतिशत गांवों के लिए हमारे पास 19 प्रतिशत व्यवस्था है और रूरल पापुलेशन जो 20 प्रतिशत है उस के लिए 81 प्रतिशत सरकारी अस्पताल डिस्पेंसरी और दूसरी सुविधाएं शहरी क्षेत्रों में हैं । हम उनके पुराने परम्परागत स्वास्थ्य के लिये कुछ कर रहे थे वह नहीं हो पा रहा है और जो आधुनिक व्यवस्था है वह दे नहीं पाये । आज वह अन्ट्रेंड लोगों के हाथ में है । जिस तरह से हमारी बीमारियां फैलती जा रही है उससे हमारा नेशनल गोल एचीव नहीं हो रहा है । सरकार पर मंथ स्वास्थ्य पर कितना खर्च करती है ? इस देश में 90 करोड़ के देश में हमारी सरकार हर महीने स्वास्थ्य के लिये 3 रुपये खर्च करती है उसके बाद कहती है कि हम दो हजार में पहुंचना चाहते हैं । कैसे पहुंचेंगे? आज भी हमारे देश में 63 प्रतिशत [illegible] पर खर्च हो रहा है वह निजी क्षेत्र में करना पड़ता है, प्राइवेटली करना पड़ता है । यह आर्गेनाइज्ड सेक्टर से है, व्यक्तिगत रूप से है । 20 प्रतिशत लोग अभी तक आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था के दायरे में आये हैं । यानी इतने लोगों के लिये आधुनिक चिकित्सा पर खर्च करने का बन्दोबस्त कर रहे हैं ।

निजीकरण का मामला चला है हर क्षेत्र में । दूसरे जो भी सवाल उठते हैं चाहे उद्योग में उठते हैं या शिक्षा के उठते हैं उनके निजीकरण की बात करते हैं और हमारी माननीय सदस्य सरकारी पक्ष के जो हैं वे उसका समर्थन करते हैं । वे हमारी बात को समझने की कोशिश नहीं करते । स्वास्थ्य का ही उदाहरण ले लीजिये । हमारे देश में हम देखते हैं सरकार बजट बढ़ा नहीं सकती । वालियंटरी क्षेत्र, निजी क्षेत्र वाले ही इसकी जिम्मेदारी लेंगे । वे किस की जिम्मेदारी लेंगे ? जो पिछड़े इलाके हैं उनकी लेंगे? जो गांव के लोग हैं, गरीब लोग हैं जिनको स्वास्थ्य की जरूरत है उनकी जिम्मेदारी लेंगे? सरकार अपना हाथ उन पर उठा लेना चाहती है कि हम नहीं लेंगे तो कौन लेगा ? अपने देश में देखिये जो गैर सरकारी अस्पताल हैं जहां लोग जाकर अपना इलाज कराते हैं वे कहां पर हैं? महाराष्ट्र राज्य में हैं, केरल राज्य में हैं । नार्थ-ईस्ट के छोटे राज्यों में, उड़ीसा में, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार में नहीं हैं ; क्योंकि वे प्रोफिट मोटिव से काम करते हैं । जहां पैसा मिलेगा वहां काम करेंगे जहां लोग इलाज को खरीदते हैं वहां पहुंच जाते हैं । हमारे यहां ऐसे 21 राज्य और यूनियन टेरेटरीज हैं । इनमें से राज्य और यूनियन टेरेटरीज में 20 प्रतिशत से भी कम गैर सरकारी अस्पताल हैं । लेकिन महाराष्ट्र में देखिये 70 परसेंट हैं, केरल में 70 प्रतिशत है । मद्रास में 92 प्रतिशत है । हम निजीकरण की बात करेंगे तो अरूणाचल प्रदेश में, मिजोरम में, मणिपुर में, मेघालय में, तो अपना हाथ बटोर लेती है । अगर सरकारी क्षेत्र से निजीकरण के क्षेत्र में चले जाते हैं तो वह महंगा होगा ही ।

और गांव पीछे रह जायेगा । इस तरह से इम्बैलेंस, रीजनल इम्बैलेंस और ज्यादा बढ़ेगा तो आप देश को एक कैसे रखेंगे ? जब आप निजीकरण की बात करते हैं तो आप सोचिये सिर्फ हार्ट सर्जरी के बारे में आपरेशन के मामले में, बाईपास सर्जरी के लिये बड़े-बड़े अखबारों में इश्तहार निकलते हैं। बंगलौर में बहाट प्रस्पताल है जहां 92 हजार रुपये जमा कराने पड़ते हैं, सिर्फ आपरेशन की फीस, डाक्टर की फीस और आपरेशन करने वाले डाक्टर के चार्जेज । मणिपुर में एक लाख रुपये, कलकत्ता में 80 हजार रुपये, दिल्ली में करायेंगे तो 2 लाख 40 हजार रुपये एस्कोर्ट में लगेंगे। असम और मेघालय में 1 लाख 36 हजार रूपये । कैसे हम स्वास्थ्य की व्यवस्था कर पायेंगे । आप निजीकरण की बात करते हैं आप किस को धोखा दे रहे हैं ? मैं इस बात की तफसील में नहीं जाना चाहता लेकिन हम इसका विरोध करते हैं । हम समझते हैं पार्टी से ऊपर उठकर इसका विरोध करना चाहिये ।

कहा जाता है कि रिसोर्सेज की कमी है । जो सरकार के प्रोग्राम हैं उसका हम समर्थन करते हैं । हम विदेश से पैसा मांगते हैं इन प्रोग्रामों के लिये लेकिन विदेश जो मदद देती है तो वह हमारे इन प्रोग्रामों के लिये मदद नहीं देता । हमें जरूरत है मलेरिया, टी.बी. कालाजार के लिये जो हमारे पूरे देश में गांव के लोग बहुत प्रभावित हुये रह हैं । वह देंगे एड्स के लिये । वे एडस के लिये मदद देने के लिये तैयार हैं । इससे हमारी जो प्रियोरिटीज है वह पहले ही बिगड़ी हुई है, वह और बिगड़ेगी । इसके लिये जो सेंट्रल गवर्नमेंट है, जो मिनिस्ट्री है वह बातचीत करती है, प्रोजक्ट बेस्ड बातचीत होती है । लेकिन कुछ दिन पहले हमारी फाइनेंस मिनिस्ट्री की जो एक्सटर्नल असिस्टेंस बुक निकली है उसमें है कि जो फारेन लोन है, जो फारेन क्रेडिट है, उसका हम युटिलाइजेशन नहीं कर पा रहे हैं । जब कि उसका हम इंटरेस्ट दे रहे हैं, कमिटमेंट चार्ज दे रहे हैं । हमारे पास पैसा नहीं है लेकिन हम उस लोन का पूरा उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। मैं इंडिविजुअली किसी स्कीम के बारे में नहीं कहना चाहूंगा लेकिन यह अक्सर देखा जा रहा है और मंत्री महोदय इसको मानते हैं और कहते हैं कि यह एक जटिल प्रक्रिया है । यह आहिस्ते आहिस्ते होगी । इसके बारे में आप कुछ नहीं कर रहे हैं और कहते हैं कि जो इम्प्लीमेंटशन अथारिटी है वह राज्य सरकारें है लेकिन वाडीज हैं । इसलिये इस बारे में जो आपका अनुभव है उसको सामने रखकर एक्सटर्नल एड के बारे में बात करें और उसको ठीक करें ।

परिवार कल्याण के बारे में काफी बात हुई और इसकी अहमियत भी है । परिवार नियोजन के लिये चाहे हम परिवार नियोजन नहीं करते, अभी-अभी मैं सुन रहा था जब प्रो. मल्होत्रा जी बोल रहे थे तो वे परिवार नियोजन कह रहे थे, यह स्लिप आफ टंग से ऐसा नहीं कहा गया, वें समझते हैं कि जबर-दस्ती पकड़कर नसबन्दी कर दी । लेकिन उससे मामला हल नहीं होगा । ऐसा हमारे यहां नहीं होता, हमारे देश में नहीं हुआ और ऐसा होगा भी नहीं । आप जब परिवार नियोजन की बात करते हैं, परिवार कल्याण की बात करते हैं, तो आपको धार्मिक, शैक्षिक, सामाजिक रूप से लोगों को शिक्षित करना होगा और उनको आर्थिक रूप से सबल बनाना होगा । क्योंकि यह किसी से छुपा नहीं है कि इसमें धर्म, जाति की भी बात आ जाती है । केरल को हम देख सकते हैं और दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश उनको भी देख सकते हैं । तो इसके लिये हमें इस बात को देखना पड़ेगा । महोदया, लेटिन अमेरिकन देशों में इनफेंट मोटलिटी रेट, बच्चों की मृत्यु दर के बारे में जब सर्वे किया गया है तो यह प्रमाणित हुआ कि मां की शिक्षा के ऊपर यह निर्धारित करता है । पीने का पानी, दवा, दूसरा इलाज वह सब मां जो है उसकी शिक्षा पर निर्भर करता है । बच्चों के स्वास्थ्य का आधार यह है । लेकिन यहां हम उसको धार्मिक दृष्टिकोण से देखते हैं। हिन्दू कहते हैं

[श्री मोहम्मद सलीम]

कि मुसलमानों की आबादी बढ़ रही है और मुसलमान कहते हैं कि नहीं नहीं अगर हमारी आबादी नहीं बढ़ी तो यह होगा । इधर पंडित जी उधर मौलवी जी । परिवार कल्याण के लिये उत्तर भारत के 90 जिले आइडेंटीफाई किये गये हैं। अगर हम देखें कि यह म्यूचल कम्पीटीशन क्या है ? कौन कितनी फौज तैयार करेगा, यह बड़ा गड़बड़ मामला है । इसलिये आपको सही तरीके से इस मामले को टेकेल करना पड़ेगा । हमारी जो नेशनल एवरेज है उसके लिये हमको इन 90 जिलों पर ज्यादा तवज्जह देनी चाहिये और ऐसा नहीं है कि इन 90 जिलों में यह सब धार्मिक आधार पर हो रहा है, जातिगत आधार पर हो रहा है ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला । वरना तो हम रिलीजन के तरीके से बात कर सकते थे। आप कहते हैं कि राज्य सरकार यह जिम्मेदारी ढो लेती है चाहे प्राइमरी हैल्थ केयर सेंटर हो, चाहे नेशनल हैल्थ प्रोग्राम के इम्प्लीमेंटशन के बारे में हो और चाहे वह परिवार कल्याण का मामला हो। वें कहते हैं कि यह तो राज्य सरकार का मामला है, वह इसको इम्प्लीमेंट करते हैं, हम सिर्फ पैसा देते हैं और आंकड़े तैयार करते हैं। यह कहना ठीक नहीं होगा। जो आपकी स्कीम है, चाहे वह नेशनल हैल्थ प्रोग्राम हो, चाहे परिवार कल्याण का मामला हो, उन स्कीमों की प्रायरिटी आपको ठीक करनी पड़गी, जो लोग इनको इम्प्ली-मेंट कर रहे हैं उनके अनुभव का भी आपको फायदा उठाना होगा । इस प्रकार आंकड़े इकट्ठा करने से कुछ नहीं होगा । जो स्कीम को इम्प्लीमेंट करते हैं वे सही तौर पर उसको इपलीमेंट कर पाये या नहीं, ग्राउंड लेबल पर इसकी जिम्मेदारी होनी चाहिये । आप आज एक स्कीम बनाते हैं परिवार नियोजन की और अचानक उस योजना को बन्द करके दूसरी योजना शुरू कर देते है । आप अगर देख तो पहले स्वास्थ्य सेविकाओं पर आपने लाखों रुपयें खर्च किये लेकिन अब उसे बन्द कर दिया, क्या मतलब है ? आ ने जो प्राइमरी हैल्थ सेंटर थे, सब-सेंटर थे आपने पैसा दिया कि विलेज रूरल वेलफेयर सेंटर तैयार हों। अब रूरल वेलफेयर सेंटर जो तैयार हैं वह फिक्स है, उसमें आप पैसा घटा रहे हैं। एक तरफ आप कहते हैं कि परिवार नियोजन के लिये जो अलोकेशन पर वह बढ़ा रहे हैं । लेकिन आप सुनकर हैरत में आयेंगे कि इस वक्त भी ग्रामीण परिवार, ग्रामीण परिवार कल्याण सेन्टर के बारे में 1993-94 के बजट में 152 करोड़ रुपया था । रिवाइज्ड बजट में 146.35 लाख हुआ और 1994-95 में यह 131.50 हो गया । तो उनकी जो प्रायरटी है, वह आप कहां देना चाहते हैं ? वह गांव में बटा रहे हैं उसी तरह से सब से बड़ी बात यह है कि आज परिवार नियोजन आप हम से भी सहमत होंगे, कमला जी भी कह रहे थीं कि यह कार्यक्रम अहिंसा महिलाओं का कार्यक्रम हो गया है, सरकार भी वही कर रही है । जयन्ती नटराजन जी ने अभी इंजेक्टिबल कट्रासेप्टिव की बात कही । इसके बारे में बहुत बहस उठ रही है । महिला संगठन इसका विरोध कर रहे हैं।

Depo Provera, Norethisterone Enantate

यह जो इंजेक्टिबल कट्रासेप्टिव लगा रहे हैं, यह महिलाओं का ही कार्यक्रम है और महिला संगठनों की बात नहीं सुनते हैं। डाक्टरों की बात नहीं सुनते हैं । मल्टी नेशनल कम्पनीज की बात आप सुनेंगे । मैं इसकी तफसील में नहीं जाऊंगा और जो जयन्ती नटराजन जी ने कहा है, मैं उसका समर्थन करता हू। महिला संगठनों की बात को आपको ध्यान से सुनना पड़ेगा वरना इसका गलत प्रभाव पड़ेगा और आपका कार्यक्रम खतरनाक जगह पर पहुंच जाएगा, लोगों की इच्छा के विरोध में आप कार्यक्रम चलायेंगे तो लोग उसको नहीं मानेंगे।

अब मैं आखिरी बात कहना चाहता हूं । अभी हमारे देश में पंचायती राज के बारे में हम बात कर रहे हैं । हमें पंचायती का पश्चिमी बंगाल और केरल का कुछ अनुभव है । आपको लोगों को जगाना है, लोगों को सामने लाना है हमारे यहां बन गई महिलायें पंचायतों में म्युनिसिपेलिटीज में इलेक्टेड होती है

बाकी सब जगह आप चुनाव कराते हैं लेकिन जहां हैं वहां कम से कम आप उनको अधिकार दें, सामने लायें क्योंकि यह लीडरशिप ग्रासरूट लेवल की है इसको अगर सही तरीके से ट्रेन करेंगे खास सम्मान मिलेगा, मर्यादा मिलेगी, अधिकार मिलेंगे, मोटीवेट कर पायेंगे इस प्रोग्राम के बारे में सही तरीके से ट्रेनिंग दे कर अवेयरनेस पैदा कर के हम समझते हैं कि यह एक हमारे देश में फोर्स तैयार होगी जो गांवों तक इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मददगार साबित होगी। सिर्फ केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों से यह काम नहीं होगा। चीन का उदाहरण हमारे सामने है जहां ग्रास रूट लेवल पर डिसेंट्रलाइजेशन कर के इस प्रोग्राम को सफल बनाया गया है। इसलिए हम भी अगर चीन की तरह से करें तो इस प्रोग्राम को हम कामयाब कर पायेंगे। (समय की घंटी)

इसके अलावा बहुत सी बातें हैं लेकिन आप घंटी बजा रही हैं, समय भी कम है, इसलिए मैं उन बातों को टच करके चला जाऊंगा। एक दो बातें है —:

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) आप करीब 22 मिनट बोल चुके हैं। अभी पांच छः और लोगों को बोलना है।

श्री मोहम्मद सलीम : मैं सिर्फ टच कर के चला जाऊंगा। मेडिकल एजुकेशन के बारे में बराबर बोलते रहते हैं।

I happened to be a students' leader.

मंत्री जी, केपिटेशन फीस के बारे में सरकार द्वारा एक कम्प्रेहेंसिव बिल लाया जाना था लेकिन अभी तक वह बिल पेंडिंग है। यह सत्र खत्म हो रहा है। पिछले एक साल से आपका वायदा है, मारीशिस का केस जब हुआ था तब से इस केपिटेशन फीस को रोकने के लिए... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : सलीम साहब, आप दूसरों के टाइम पर इनक्रोचमेंट कर रहे हैं। आप इतना बोलते जा रहे हैं कि बाकी के लोगों के लिए टाइम नहीं बचेगा।

श्री मोहम्मद सलीम : इनक्रोचमेंट नहीं हो रहा है।

We have decided to sit late, Madam. It is our time I am consuming.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): There are six more Members to speak.

SHRI MD. SALIM: They will also speak and they will support it. They will endorse it.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ GHAPARDE): If you want to sit beyond 7 o'clock, I don't mind.

श्री मोहम्मद सलीम : मैडम, मैं जल्दी बोल देता हूं। एक तो एजुकेशन के बारे में प्राइवेटाइजेशन और केपिटेशन फीस की व्याख्या नहीं की गई। मंत्री जी का आश्वासन था, उसे पूरा करना चाहिये। सेलेक्ट कमेटी का जो प्रि-नेटल टेस्ट के बारे में रिपोर्ट है, वह बिल भी अभी तक आप नहीं लाए हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि आप यह बिल कब लाएंगे? मंत्रालय के बारे में हम चर्चा कर रहे हैं। हेल्थ एजुकेशन के बारे में आपका घोषित लक्ष्य है, परफॉरमेंस बजट में आपने हेल्थ पॉलिसी दी है लेकिन मेडिकल एजुकेशन के बारे में सिर्फ डाक्टर नहीं समझते हैं बल्कि आज के दिन में हमारे पास नर्सेज हैं, पेरा-मेडिकल स्टाफ है, हेल्थ टेक्नोलोजिस्ट हैं, आपको उनकी ट्रेनिंग के बारे में भी कुछ ध्यान देना चाहिये। उनकी रेश्यो डाक्टरों के अनुसार नहीं है। मान लीजिये आप आर० एम०एल० अस्पताल में जाए आप यह देखेंगे कि सिर्फ डाक्टर ट्रीटमेंट नहीं करता है, डाक्टर के साथ साथ पेरा मेडिकल स्टाफ भी है। मैडम, आप को तो इस डिपार्टमेंट का अनुभव है, आप इस इस डिपार्टमेंट की मंत्री रह चुकी हैं। पेरा मेडिकल स्टाफ की ट्रेनिंग के बारे में आपकी एनुअल रिपोर्ट में सही तरीके से नहीं कहा गया है। आप इस तरफ ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस तरफ ध्यान देना जरुरी है। आप गुस्सा हो रही हैं?

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : नहीं नहीं । क्यों ? ऐसी क्या बात है ।

श्री मोहम्मद सलीम : मैं जो कहना चाह रहा हूं वह यह है कि आठवीं पंच-वर्षीय योजना और सरकार की घोषित जो नीति है हम एनुअल बजट को देख कर कुछ ऐसा समझ रहे हैं कि उससे भी थोड़ा थोड़ा बहक रहे हैं, वह बहकना नहीं चाहिए । हमारा जो घोषित लक्ष्य है वहां पहुंचने के लिए हमें जो कुछ भी करना चाहिए वह थोड़ी सही रूप से, ईमानदारी के साथ, सच्चाई के साथ करना चाहिए । नहीं तो पार्लियामेंट में आकर कहना चाहिए अगर मंत्री जी लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रहे हैं । चूंकि रिव्यू निकला है वर्ल्ड आर्गेनाइजेशन का जो सेकेंड रिव्यू है कि 2,000 ए०डी० तक हमारे हेल्थ प्रोग्राम का इम्प्लीमेंटेशन कैसे हो रहा है, उसमें बहुत सी जगह पर डाउट भी बताया गया है कि बहुत हद तक पूरा नहीं कर पायेंगे । उसका रिव्यू जरा हमारे देश में भी होना चाहिए ।

हेल्थ पालिसी आपकी 1983 की है, दस साल की है उसका रिव्यू होना चाहिए कि कहां तक क्या नतीजा निकला है और आखिर में हमारा यह है—ड्रग्स के बारे में मैं नहीं कहूंगा क्योंकि ड्रग्स इनके हाथ में नहीं आता है । डाक्टर लिख देता है लेकिन फिर एडुआर्डो फेलेरियो के पास जाना पड़ता है, केमिकल एण्ड फर्टिलाइजर के पास। ऐसा नहीं होना चाहिए । ड्रग्स के मामले में स्वास्थ्य मंत्रालय का से होना चाहिए । इनके दफ्तर में यह होना चाहिए। नहीं तो अभी "गैट" वगैरह सब आ गया है। मैं उसमें नहीं जाउंगा । लेकिन दवाइयों की कीमत जिस तरह से बढ़ रही है लोगों की पहुंच से बाहर जा रही है । ऐसा हो सकता है कि डाक्टर के फीस का जुगाड़ कर लें और डाक्टर से प्रेसक्रिप्शन ला लें लेकिन दवाई खरीदने के लायक नहीं रहेंगे । वैसा होने से हमारे स्वास्थ्य का जो माहोल है वह बिगड़ता जा रहा है और आपकी पालिसी की वजह से, आप मतलब आप नहीं, आप इसलिए नहीं कि जब भी स्वास्थ्य के बारे में बात हुई तो स्वास्थ्य अकेला नहीं, चाहे वह पीने का पानी हो, चाहे शिक्षा हो, जनरल इन्वायरनमेंट हो, बहुत से मामले इसके साथ जुड़े हुए हैं । आप जो आर्थिक व्यवस्था ले रहे हैं उसमें हास्पिटल की बिल्डिंग रहेगी लेकिन हास्पिटल में दवाई नहीं रहेगी । मशीन रहेगी लेकिन पैसे के बगैर टेस्ट नहीं करेंगे । पैसे देने के लायक देश के लोग नहीं रहेंगे । तो स्वास्थ्य मंत्रालय क्या काम करेगा मुझे पता नहीं । इसलिए आपको आपके मंत्रालय को जो स्वास्थ्य से मामले जुड़े हुए हैं कम से कम उनके बारे में बताना चाहिए, थोड़ा फाइनेंस मिनिस्ट्री को और थोड़ा प्राइम मिनिस्टर को बताना चाहिए । इस तरह से उधार करके उदारीकरण की जो नीति है इससे हमारा स्वास्थ्य विभाग पूरा गड़बड़ हो जायेगा । देश का अगर स्वास्थ्य बिगड़ जायेगा तो देश की जनता का स्वास्थ्य तो अच्छा नहीं रहेगा । इसलिए आपको थोड़ा अपने मंत्रालय के अनुभव से बताना चाहिए । जो प्रायोरिटी हमारी है वह प्रायोरिटी ठीक है । सतीश अग्रवाल जी बोले हैं कि भोजन, भवन भूषा, शिक्षा और चिकित्सा ये बुनियादी मामले हैं । नयी पालिसी की वजह से ये सब कैजुल्टी हो रहे हैं । आप चिकित्सा को भी रखना चाहते हैं तो आपको इस बारे में कुछ फाइनेंस मिनिस्टर से बात करनी पड़ेगी कि प्रायोरिटी को फिर से ठीक करें । धन्यवाद ।

شری محمد سلیم "جاری": یہ بات طے
ہے کہ ہم ایک غریب ملک ہونے کے
ناطے ہماری ترجیح کا اثر جس طرح سے

دوسرے بنیادی سوالوں پر ہے اسی طرح
سے سواستھ کے بارے میں بھی ہے لیکن
ہمیں وشواس ہے کہ جو ۲۰۰۰ سال کے انت
تک سب کے لئے سواستھ کا جو سنکلپ
ہے۔ اس میں ہم بھاگیدار ہیں اور اس کیلئے
ہمیں راستہ طے کرنا ہے۔ ہماری یوجنا جو
ہے اس میں ہم نہیں جائیں گے تو پتہ نہیں
چلے گا جینتی جی کہ پہلے پلان سے آج
تک سواستھ کے بارے میں جو دھن ہے
وہ کس طرح سے گھٹایا جا رہا ہے۔ ۸ ویں
پنچ ورشیہ یوجنا میں اتنا ہے یہ ہم بھاشن
کر سکتے ہیں کہ ہم یہ کریں گے لیکن اس کو
امپلیمینٹ کرنے کے لئے جو ضرورت ہے
اس کو ہم پورا نہیں کر پا رہے ہیں۔ ہم کبھی
کبھی کہتے ہیں کہ ہمارا "مارٹیلیٹی ریٹ"
کم ہو گیا ہے۔ ہماری "لائف ایکسپیکٹینسی"
جو ہے اس میں ہمیں کامیابی ملی ہے۔
پچھلے ۱۰-۱۵ سالوں میں لیکن یہ بات
کہاں ٹھیک ہے کہ ہماری وہ کامیابی۔
"ڈیولپڈ کنٹریز" کو آپ چھوڑ دیجئے۔
"ڈیولپنگ کنٹریز" جس کے کہ ہم اپنے
آپ کو گنتا مانتے ہیں۔ اس کے ایوریج
تک بھی ہم نہیں پہنچے ہیں تو ہمیں اس
دشا میں کام کرنے کیلئے قدم اٹھانا ہے
جہاں یہ کہا جا رہا ہے کہ سواستھ کیلئے

جی ڈی پی کا ۵ پرتیشت خرچ کرنا پڑیگا
ہم ابھی ۸ ویں یوجنا میں کہاں پہ ہیں۔
جینتی جی نے مہلاؤں کی دشا کے بارے
میں بتایا ان کی حالت کے بارے میں تفصیل
سے بیان دیا۔ وہ بار بار میٹھو سے اٹھ کر بول
رہی تھیں میں اس کا سمرتھن کرتا ہوں۔
دوسری بات یہ ہے کہ یہ پالیسی کا معاملہ ہے
جس کو منتری جی کو بیان کرنا ہوگا منتری جی
کہہ سکتے ہیں کہ ایسا نہیں ہے۔ دو پرتیشت
ادھر ہے یا دو پرتیشت ادھر ہے۔ لیکن
ہماری جو پالیسی ہے۔ ہمارا جو نظریہ ہے
[illegible] ہم اس جگہ پر
کیسے پہنچ رہے ہیں [illegible]
کے نام پہ [illegible] پرائیویٹائزیشن کے نام پہ ملٹی
نیشنلز کے نام پہ [illegible]
[illegible] کی دوشٹی سے کشا
کے علاوہ سواستھ پر بھی ہونے والی ہے
[illegible] جیسا ابھی [illegible] منترالیہ
[illegible] پانچ سال بعد ہمیں اور
زیادہ [illegible] پڑے گا۔ آدیہ جو ہماری پرائمری
تھی سواستھ کے اکشیتر میں جو پراتھمکتا
دینی چاہئے تھی اس میں گراوٹ ہوئی۔
آزادی کے بعد جس طرح سے اس کو
پراتھمکتا دینی چاہئے تھی۔ پریوار کلیان کے
بارے میں جتنی پراتھمکتا دینی چاہئے تھی۔

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

ہم نے اس میں کچھ کیا یہ نہیں کچھ نہیں کیا لیکن اس میں پرائمری چکتسا میں گڑبڑ ہوئی ہے۔ الوکیشن ہم کرتے ہیں۔ اس میں بھی پہلی پرائیورٹی دیکھنے کو نہیں ملتی۔

دوسری بات یہ ہے کہ کانگریس کے لوگ جب سرکار میں آئے تو وہ اپنے کو گاندھی وادی ضرور کہتے تھے لیکن ہم نے سواستھ میں بھی انگلش ماڈل اپنانے کی کوشش کی۔ انگریز ہمارے دیش میں شاسن میں آئے تو انہوں نے سارے سسٹم کو اپنے ماڈل پر قائم کیا۔ ضرور ہمارے اندر کچھ "انہیرنٹ" طاقت تھی، ہیلتھ کے بارے میں لیکن ہم نے اس طرف توجہ نہیں دی۔ ہم اپنے بھاشنوں میں کہتے ہیں کہ انڈین سسٹم آف میڈیسن اچھا ہے لیکن اس کو جس طرح سے ماڈرنائز کرنے کی ضرورت تھی اس کو جس طریقہ سے پیٹرونائز کرنے کی ضرورت تھی وہ ہم نہیں کر پائے۔ آج ہم ویسٹرن ماڈل میں کھڑے ہیں۔ جینتی جی نے کہا کہ آج بھی ۸۰ پرتیشت گاؤں کیلئے ہمارے پاس ۱۹ پرتیشت سواستھ ہے اور "رورل پاپولیشن" جو ۲۰ پرتیشت ہے اس کے لئے ۸۱ پرتیشت سرکاری اسپتال ڈسپنسری اور دوسری سویدھائیں شہری اکشیتر میں ہیں۔ ہم ان کے پرانے پیٹرن

سواستھ کے لئے کچھ کر رہے تھے وہ نہیں ہو پا رہا ہے اور جو آیوروید کا لیکچر تھا آج وہ دے نہیں پائے آج وہ "ان ٹرینڈ" لوگوں کے ہاتھ میں ہے جس طرح سے ہماری بیماریاں پھیلتی جا رہی ہیں ان سے ہمارا نیشنل گول اچیو نہیں ہو رہا ہے۔ سرکار "پرمنتھ" سواستھ پر کتنا خرچ کر رہی ہے۔ اس دیش میں ۹۰ کروڑ کے دیش میں ہماری سرکار ہر مہینہ سواستھ کیلئے ۳ روپے خرچ کرتی ہے اس کے بعد کہتی ہے کہ ہم دو ہزار میں پہنچا چاہتے ہیں۔ کیسے پہنچیں گے۔ آج بھی ہمارے دیش میں ۶۳ پرتیشت چکتسا پر خرچ ہو رہا ہے وہ نجی اکشیتر میں کرنا پڑتا ہے۔ پرائیویٹلی کرنا پڑتا ہے یہ "آرگنائزڈ سیکٹر" سے ہے۔ ویکتی گت روپ سے ہے۔ ۲۰ پرتیشت لوگ ابھی تک آدھونک چکتسا ویوستھا کے دائرے میں آئے ہیں یعنی اتنے لوگوں کے لئے آدھونک چکتسا پر خرچ کرنے کا بندوبست کر رہے ہیں۔

نجی کرن کا معاملہ چلا ہے ہر اکشیتر میں دوسرے جو بھی سوال اٹھتے ہیں یا شکشا کے اٹھتے ہیں۔ ان کے نجی کرن کی بات کرتے ہیں اور ہماری مانیہ سدسیہ سرکاری کی پکس کی جو ہیں وہ اس کا سمرتھن کرتے

†] Transliteration in Arabic Script.

ہیں وہ ہماری بات کو سمجھنے کی کوشش نہیں کرتے۔ سواستھیہ کا ہی اداہرن لے لیجئے ہمارے دیش میں ہم دیکھتے ہیں سرکار بجٹ بڑھا نہیں سکتی۔ والنٹیری سیکٹر، نجی سیکٹر والے ہی اسکی ذمہ داری لیں گے۔ وہ کس کی ذمہ داری لیں گے جو پچھڑے علاقے ہیں ان کی لیں گے جو گاؤں کے لوگ ہیں غریب لوگ ہیں جن کو سواستھیہ کی ضرورت ہے انکی ذمہ داری لیں گے۔ سرکار اپنا ہاتھ ان پر سے اٹھا لینا چاہتی ہے کہ ہم نہیں لیں گے تو کون لیگا۔ اپنے دیش میں دیکھئے جو غیر سرکاری اسپتال ہیں جہاں لوگ جاکر اپنا علاج کرتے ہیں وہ کہاں پر ہیں۔ مہاراشٹر راجیہ میں ہیں۔ کیرل راجیہ میں ہیں۔ نارتھ ایسٹ کے چھوٹے راجیوں میں۔ اڑیسہ میں۔ مدھیہ پردیش، اتر پردیش میں، بہار میں نہیں ہیں۔ کیونکہ وہ پروفٹ موٹو سے کام کرتے ہیں۔ جہاں پیسہ ملے گا وہاں کام کریں گے۔ جہاں لوگ علاج کو خریدتے ہیں وہاں پہنچ جاتے ہیں۔ ہمارے یہاں ایسے ۲۱ راجیہ اور یونین ٹیریٹریز ہیں۔ ان میں سے ۱۶ راجیہ اور "یونین ٹیریٹریز" میں ۲۰ پرتیشت سے بھی کم غیر سرکاری اسپتال ہیں۔ لیکن مہاراشٹر میں دیکھئے۔ ۷ پرتیشت ہیں کیرل میں۔ ۷ پرتیشت میں مدراس میں ۵۰ پرتیشت ہیں۔ ہم نجی کرن کی بات کریں گے تو اروناچل میں۔ میزورم میں۔ منی پور میں، میگھالیہ میں، اڑیسہ میں کون ذمہ داری لیگا۔ سرکار تو اپنا ہاتھ کھینچ رہی ہے۔ اگر سرکاری سیکٹر سے نجی کرن کے سیکٹر میں چلے جاتے ہیں تو وہ مہنگا ہوگا ہی اور گاؤں پیچھے رہ جائے گا۔ اس طرح سے امبیلنس اور زیادہ بڑھے گا تو آپ دیش کو ایک کیسے رکھیں گے۔ جب آپ نجی کرن کی بات کرتے ہیں تو آپ سوچئے صرف ہارٹ سرجری کے بارے میں آپریشن کے معاملہ میں۔ بائی پاس سرجری کے لئے بڑے بڑے اخباروں میں اشتہار نکلتے ہیں۔ بنگلور میں "بھارٹ اسپتال" ہے جہاں ۹۲ ہزار روپے جمع کرانے پڑتے ہیں صرف آپریشن کی فیس۔ ڈاکٹر کی فیس اور آپریشن کرنے والے ڈاکٹر کے چارجز۔ منی پور میں ایک لاکھ روپے۔ کلکتہ میں ۸۰ ہزار روپے دلی میں کرائیں گے تو دو لاکھ ۴۴ ہزار روپے اسکورٹ میں لگیں گے۔ آسام اور میگھالیہ میں ایک لاکھ ۲۶ ہزار روپے، کیسے ہم سواستھیہ کی ویوستھا کر پائیں گے۔ آپ نجی کرن کی بات کرتے ہیں آپ کس کو دھوکہ دے رہے ہیں۔ میں اس بات کی تفصیل میں نہیں جانا چاہتا۔

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

کا پورا اپیوگ نہیں کر پا رہے ہیں۔ میں اندو ویجیولی کسی اسکیم کے بارے میں نہیں کہنا چاہوں گا لیکن یہ اکثر دیکھا جا رہا ہے اور منسٹری بھو دسے اس کو مانتے ہیں اور کہتے ہیں کہ یہ ایک ٹیکنیکل پرابلم ہے یہ آہستہ آہستہ ہوگی۔ اس کے بارے میں آپ کچھ نہیں کر رہے ہیں اور کہتے ہیں کہ جو امپلیمنٹنگ اتھارٹی ہے وہ راجیہ سرکاریں ہیں۔ لوکل باڈیز ہیں۔ اس لئے اس بارے میں جو آپکا انوبھو ہے اس کو سامنے رکھ کر ایکسٹرنل ایڈ کے بارے میں بات کریں اور اس کو ٹھیک کریں۔

پریوار کلیان کے بارے میں کافی بات ہوئی اور اس کی اہمیت بھی ہے۔ پریوار نیوجن کے لئے چاہے ہم پریوار نیوجن نہیں کرتے۔ ابھی ابھی میں سن رہا تھا جب پروفیسر ملہوترہ جی بول رہے تھے تو وہ پریوار نیوجن کہہ رہے تھے۔ یہ سلپ آف ٹنگ ہے ایسا نہیں کہا گیا۔ وہ سمجھتے ہیں کہ زبردستی پکڑ کر نسبندی کر دی لیکن اس سے معاملہ حل نہیں ہوگا۔ ایسا ہمارے یہاں نہیں ہوتا۔ ہمارے دیش میں نہیں ہوا اور ایسا ہوگا بھی نہیں۔ آپ جب پریوار نیوجن کی بات کرتے ہیں، پریوار کلیان کی بات کرتے ہیں تو آپ کا دھارمک شکشک، سماجک روپ سے لوگوں کو شکست

لیکن ہم اس کا ورودھ کرتے ہیں۔ ہم سمجھتے ہیں پارٹی سے اوپر اٹھ کر اس کا ورودھ کرنا چاہیئے۔

کہا جاتا ہے کہ ریسورسز کی کمی ہے جو سرکار کے پروگرام ہیں اس کا ہم سمرتھن کرتے ہیں ہم ودیش سے پیسہ مانگتے ہیں ان پروگراموں کے لئے لیکن ودیش جو مدد دیتا ہے تو وہ ہمارے ان پروگراموں کے لئے مدد نہیں دیتا۔ ہمیں ضرورت ہے ملیریا، ٹی۔ بی کا الاچار کے لئے جو ہمارے پورے دیش میں گاؤں کے لوگ شت ترشت بھگت رہے ہیں۔ وہ دیں گے ایڈس کیلئے۔ وہ ایڈس کے لئے مدد دینے کے لئے تیار ہیں، اس سے ہماری جو پرائیورٹیز ہیں وہ پہلے ہی بگڑی ہوئی ہیں۔ وہ اور بگڑے گی۔ اس کے لئے جو سنٹرل گورنمنٹ ہے جو منسٹری ہے وہ بات چیت کرتی ہے پروجیکٹ بیسڈ بات چیت ہوتی ہے۔ لیکن کچھ دن پہلے ہماری فائننس منسٹری کی جو ایکسٹرنل اسسٹنٹس بک نکلی ہے اس میں ہے کہ جو فارن لون ہے جو فارن کریڈٹ ہے۔ اس کا ہم یوٹیلائزیشن نہیں کر پا رہے ہیں جبکہ اس کا ہم انٹرسٹ دے رہے ہیں۔ کمٹمنٹ چارج دے رہے ہیں ہمارے پاس پیسہ نہیں ہے لیکن ہم اس لون

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

۔ اس کے لئے ہم کو ان ۹۰ ضلعوں پر زیادہ
توجہ دینی چاہئے اور ایسا نہیں ہے کہ
ان ۹۰ ضلعوں میں یہ سب دھارمک آدھار
پر ہو رہا ہے۔ جاتیگت آدھار پہ ہو رہا
ہے ایسا کوئی پرمان نہیں ملا۔ ورنہ تو
ہم ریلیجن کے طریقہ سے بات کر سکتے
